प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 05.04.2024 समय : 09:00 ए.एम.

....

- भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज चूरू में करेंगे चुनावी रैली–कल पुष्कर में जनसभा का कार्यक्रम।
- लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में दाखिल नामांकन पत्रों की आज की जायेगी जांच–कुल 216 प्रत्याशियों ने 304 नामांकन पत्र भरे।
- चुनाव के पहले चरण में होम वोटिंग के तहत मतदान प्रक्रिया आज से शुरू।
- रिजर्व बैंक आज चालू वित्त वर्ष के लिए पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति की करेगा घोषणा।

....

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज चूरू में पार्टी प्रत्याशी देवेन्द्र झाझडिया के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री की सभा को देखते हुए प्रशासन की तरफ से व्यापक सुरक्षा इंतजाम किये गये है। सभा में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, केन्द्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड भी मौजूद रहेंगे। श्री मोदी कल पुष्कर भी आएंगे, जहां वे नागौर और अजमेर लोकसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। भाजपा के प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र गोठवाल ने बताया कि पीएम मोदी की चुनावी सभा को पार्टी ने 'विजय संकल्प सभा' का नाम दिया है।

....

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए आज चूरू और सीकर के दौरे पर रहेंगे। श्री शर्मा सुबह जयपुर से रवाना होकर चूरू पहुंचेंगे, जहां प्रधानमंत्री की जनसभा में शिरकत करेंगे। उसके बाद मुख्यमंत्री का सीकर के लक्ष्मणगढ जाने का कार्यक्रम है जहां वे भाजपा प्रत्याशी स्वामी सुमेधानंद सरस्वती के समर्थन में सभा को संबोधित करेंगे। उसके बाद श्री शर्मा धोद में स्थानीय कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। उनका चाकसू जाने का भी कार्यक्रम है, जहां वे दौसा से भाजपा प्रत्याशी कन्हैया लाल मीना के समर्थन में रोड शो करेंगे।

....

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिये दाखिल किये गये नामांकन पत्रों की आज जांच की जायेगी। कल नामांकन का अंतिम दिन था। इस चरण के लिए प्रदेश की 13 सीटों के वास्ते अब तक 216 प्रत्याशियों ने 304 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये है। जालौर से कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत ने कल नामांकन पत्र भरा। नामांकन सभा को वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने संबोधित किया। वहीं चितौड़गढ़ से कांग्रेस प्रत्याशी उदयलाल आंजना ने भी कल नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट मौजूद रहे।

....

आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से समाचार बुलेटिन में विशेष श्रृंखला शुरू की गई है, जिसमें हम आपको हर रोज एक संसदीय निर्वाचन क्षेत्र की चुनावी हलचल की जानकारी देंगे। आज सुनिये जोधपुर लोकसभा क्षेत्र का हाल–
प्रदेश की जोधपुर लोकसभा सीट बेहद महत्वपूर्ण है। इस सीट के लिए भाजपा ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को मैदान में उतारा है वहीं कांग्रेस की ओर से करण सिंह ऊंचियारडा पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं।

....

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत आज से होम वोटिंग के लिये मतदान प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस चरण में 5 अप्रैल से 13 अप्रैल तक सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान दल घर–घर जाकर पात्र मतदाताओं को मतदान करवाएंगे। इस दौरान अनुपस्थित रहे मतदाताओं को होम वोटिंग के दूसरे चरण के तहत 15 और 16 अप्रैल को मतदान की सुविधा प्रदान करवाई जाएगी। होम वोटिंग में 85 साल

से अधिक आयुवर्ग और 40 फीसदी से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को ये सुविधा दी जा रही है। हनुमानगढ़ जिला निर्वाचन कार्यालय ने भी इसके लिए सभी तैयारी पूरी कर ली है। जिले में 2 हजार 20 पात्र मतदाता घर से ही अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी कानाराम ने होम वोटिंग के बारे में जानकारी देते हुए पात्र मतदाताओं से मतदान अवश्य करने के लिए अपील की।

....

प्रदेश में लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढाने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही स्वीप गतिविधियों के तहत कई नवाचार हो रहे है इसी कडी में बीकानेर के मसाला चौक में 'स्वीप फूड कार्निवल' आयोजित किया गया। हमारे संवाददाता ने बताया कि संगीत की सुमधुर स्वर लहरियों के बीच शहर वासियों ने स्वाद के आनंद के साथ मतदान की शपथ ली।

इधर हनुमानगढ जिला निर्वाचन अधिकारी ने आज सुबह जिला क्लब में मतदाता जागरूकता खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। उन्होंने अधिकारियों के साथ बेडमिंटन खेला और खिलाडियों को प्रोत्साहित किया।

....

रिजर्व बैंक आज वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करेगा। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में मौद्रिक नीति समिति की तीन दिन की बैठक बुधवार को शुरू हुई थी। समिति की कुल छह बैठकें इस वित्तीय वर्ष में होनी है। अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि केन्द्रीय बैंक एक बार फिर प्रमुख ब्याजदरों में कोई परिवर्तन नहीं करेगा और मुद्रास्फीति नियंत्रित रखने पर ध्यान देगा। पिछली बार रिजर्व बैंक ने फरवरी 2023 में रेपो रेट में बढोतरी की थी और इसे छह दशमलव पांच प्रतिशत कर दिया था। इसके बाद से छह द्विमासिक नीतियों में रेपो रेट इसी स्तर पर रही है।

....

जयपुर के कावंटिया अस्पताल में गर्भवती महिला का खुले में प्रसव होने के मामले में प्रथम दृष्टया दोषी पाए गए तीन रेजीडेंट चिकित्सकों डॉ. कुसुम सैनी, डॉ. नेहा राजावत और डॉ. मनोज को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है। साथ ही राज्य सरकार ने इस मामले में पर्यवेक्षणीय लापरवाही के लिए जिम्मेदार अस्पताल अधीक्षक डॉ. राजेन्द्र सिंह तंवर को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

....